HINDUSTAN, Delhi, 5.8.2025
Page No. 5, Size:(5.58)cms X (2.33)cms.

# गेल का कूड़ा निस्तारण प्लांट लगाने का प्रस्ताव

नोएडा। गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (गेल) ने नोएडा से निकलने वाले गीले कूड़े के निस्तारण के लिए प्लांट लगाने का प्रस्ताव प्राधिकरण के समक्ष रखा है। अधिकारियों ने बताया कि देश के दूसरे शहरों में भी गेल की तरफ से ऐसे प्लांट लगाने की तैयारी है। प्लांट से निकलने वाली बायोमेथेन गैस को परिवर्तित कर नजदीकी सीएनजी या पीएनजी पाइप लाइन में ट्रांसफर कर दी जाएगी। यह पूरा प्लांट लगाने के लिए 8 एकड़ जगह की जरूरत होगी।